## खबर संक्षेप

### शहडोल में सांसद-विधायकों का घेराव करेगा शिक्षक संघ

**शहडोल।** अपनी जायज मांगों को लेकर अब मध्य प्रदेश का शिक्षक समुदाय सडक़ों पर उतरने को आमादा है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शहडोल जिले में भी हुंकार भर दी है। जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी और जिला सचिव विनोद कुमार सिंह ने दो-टूक शब्दों में एलान किया है कि आगामी 6 और 7 अप्रैल को जिले के तीनों विधायकों और सांसद महोदया को पात्रता परीक्षा पर पुनर्विचार याचिका और विधाई हस्तक्षेप के लिए कड़ा ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संघ के पदाधिकारियों ने कड़े लहजे में कहा कि कुछ संगठन केवल बयानबाजी कर शिक्षकों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश का सबसे बड़ा और सशक्त संगठन मध्य प्रदेश शिक्षक संघ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने याद दिलाया कि संघ के अथक प्रयासों से ही प्रदेश के करीब 2 लाख शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ मिला है। अब लक्ष्य केवल दो मांगें हैं, पात्रता परीक्षा से पूर्ण मुक्ति और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला, संभाग, तहसील और ब्लॉक इकाई के सभी पदाधिकारी अपनी पूरी ताकत के साथ मौजूद रहेंगे। संघ ने साफ कर दिया है कि यदि सरकार ने जल्द ही इन विसंगतियों को दूर नहीं किया, तो यह लड़ाई राष्ट्रीय स्तर तक ले जाई जाएगी। शिक्षकों ने स्पष्ट संदेश दे दिया है, अब कोरे आश्वासनों का दौर खत्म हुआ, अब सीधा न्याय चाहिए।

### रामपुर बटुरा खदान: मौत के मुहाने पर बस्तियां

# बटुआ खदान में विनाश का काउंटडाउन शुरू

## प्रबंधन और प्रशासन के फूट डालो और राज करो के खेल का पर्दाफाश!

**शहडोल।** क्या कोयले की कालिख अब इंसानी जिंदगियों पर पोती जाएगी? क्या रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के जिम्मेदारों को राजस्थान की त्रासदी या हाल ही में कोतमा के अग्रवाल लाज के मलबे में दबी चीखें सुनाई नहीं दे रहीं? रामपुर में बज रही खतरे की घंटी अब चीख-चीख कर कह रही है कि यहाँ कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि अब आर-पार की जंग होगी, या तो हक मिलेगा या फिर बिलासपुर मुख्यालय के गेट पर ताला लगेगा।



### मलबे पर खड़ी विकास की इमारत

कितनी विडंबना है कि एक तरफ विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ रामपुर में खदान के ठीक बगल में स्थित स्कूल और दर्जनों परिवारों को मौत के साये में जीने को मजबूर कर दिया गया है। राजस्थान और कोतमा की घटनाओं से सबक लेने के बजाय, प्रबंधन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। कलेक्टर के पत्राचार के बावजूद आज तक स्कूल का स्थानांतरण नहीं हुआ। पिछली घटनाओं को याद करते हुए भूपेश शर्मा ने कहा कि ब्लास्टिंग के कारण पहले भी मकान गिरे थे और लोग मलबे में दब गए थे, किसी तरह जान बची थी। क्या प्रबंधन चाहता है कि इस बार किसी तरह की गुंजाइश भी न बचे।

### अंग्रेजों के नक्शेकदम पर प्रबंधन

भूपेश शर्मा ने आरोप लगाया कि जब-जब किसान अपने हक की लड़ाई लड़ता है, प्रबंधन और प्रशासन अंग्रेजी हुकूमत की याद दिला देता है। किसानों को आपस में लड़ाना, उन्हें गुमराह करना और आंदोलन को कुचलने के लिए नए-नए पैंतरे अपनाना ही प्रबंधन की मुख्य कार्यशैली बन गई है। साहब, मुआवजा और नौकरी रोकना तो इनके बाएं हाथ का खेल है, लेकिन जमीन हड़पने के लिए ये ऐसे-ऐसे रिकॉर्ड मांगते हैं जिन्हें खुद रिकॉर्ड बनाने वाला भी न जानता हो। किसानों को सरकारी भवनों में भेड़-बकरियों की तरह शिफ्ट कर दिया गया है और अब उन पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे गांव के ही दूसरे घरों में घुस जाएं ताकि खदान आगे बढ़ सके।

### आर-एंड-आर की अधूरी कहानी

सामाजिक कार्यकर्ता ने भैरूलाल, नेमसाय, गुलजार राठौर, लखन राठौर और ममता सहित अन्य किसानों के हक की आवाज बुलंद की है। उन्होंने मांग की है कि आर एण्ड आर 3 लाख से बढ़ाकर जो 7 लाख रुपये देने का वादा हुआ था, उसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। 58 मकानों का अप्रूवलः जब 22 में से 21 परिवारों को भुगतान हुआ, तो शेष परिवारों और अब स्वीकृत हुए 58 मकानों के मुआवजे में देरी क्यों? शेष 970 मकानः क्या प्रबंधन इन 970 मकानों के मुआवजे के लिए अगले 10 साल का इंतजार करेगा? क्या तब तक ये लोग खदान की ब्लास्टिंग और धूल फांकते रहेंगे?

### एसडीएम के आदेश को भी ठेंगे पर रखता प्रबंधन!

दो दिन पूर्व एसडीएम सोहागपुर द्वारा कड़े निर्देश जारी किए गए थे कि किसानों की समस्याओं का जल्द निराकरण हो, डीआरसीसी के निर्णयों की प्रति उपलब्ध कराई जाए और पंचायत भवनों में पत्राचार की कॉपियां चस्पा की जाएं, लेकिन प्रबंधन की ढिठाई देखिए, अभी तक न कोई प्रति उपलब्ध कराई गई और न ही कोई कार्रवाई हुई। ऐसा लगता है जैसे एसईसीएल प्रबंधन के लिए प्रशासन के आदेश रद्दी के टुकड़े मात्र हैं।

### गुमराह करने वाली साजिश

रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट से सोहागपुर की पहचान तो बनी है, लेकिन इस मेगा प्रोजेक्ट ने स्थानीय किसानों को क्या दिया? केवल धूल, धुआं और खोखले वादे। भूपेश शर्मा ने कहा कि जब भी कोई आंदोलन की चेतावनी दी जाती है, तो प्रबंधन अपनी कमियां छुपाने के लिए दो-चार स्वास्थ्य कैंप लगाकर फोटो खिंचवा लेता है। यह सामाजिक समरसता नहीं, बल्कि जनता की आंखों में धूल झोंकने की साजिश है।

### बिलासपुर मुख्यालय पर तालाबंदी

किसानों ने अब करो या मरो का नारा बुलंद कर दिया है। स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि रामपुर, बेलिया, खाडा और अतरिया के विस्थापितों को उनके अधिकार नहीं मिले, तो अगली लड़ाई एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर के मेन गेट पर होगी। किसान वहां धरना देंगे और मुख्य गेट पर ताला लटकाएंगे। भूपेश शर्मा ने प्रेस के माध्यम से पत्रकारों से निवेदन किया है कि वे स्वयं इन प्रभावित गांवों का दौरा करें, भौतिक सत्यापन करें और देखें कि कैसे कागजों पर सब चंगा है, दिखाने वाला प्रबंधन जमीन पर लोगों की कब्र खोद रहा है। कोयला प्रबंधन याद रखे, आग जब पेट में लगती है तो वह खदान के बारूद से ज्यादा खतरनाक होती है। अब किसानों का सब्र टूट चुका है। या तो सम्मानजनक पुनर्वास होगा, या फिर बिलासपुर की सडक़ों पर इंकलाब होगा।

# आंगनबाड़ी में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**शहडोल।** समाज में चोरों का स्तर इस कदर गिर चुका है कि अब वे उन मासूम बच्चों को भी नहीं बख्श रहे, जो अभी ठीक से बोलना भी नहीं सीखे। मामला गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम चोरमरा का है, जहां एक शातिर चोर ने सरकारी आंगनवाड़ी को अपना निशाना बनाया, लेकिन गोहपारू पुलिस ने न केवल इस आंगनवाड़ी चोर की हेकड़ी निकाली, बल्कि चोरी का सामान बरामद कर उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

### खिडक़ी तोडक़र घुसा सस्ते शौक वाला चोर

घटना 30 मार्च की काली रात की है। जब गांव सो रहा था, तब 19 साल का नौजवान राजकुमार चौधरी, जो कहने को तो अपने ननिहाल चोरमरा में मेहमान बनकर आया था, आंगनवाड़ी की खिडक़ी की रॉड तोडक़र अंदर जा घुसा। इस शौकीन चोर की नजर मासूमों के पोषण आहार पर तो थी ही, साथ ही सरकार द्वारा दी गई सैमसंग कंपनी की एलईडी टीवी पर भी टिक गई। आरोपी ने बड़े इत्मीनान से टीवी और खाना बनाने के बर्तन साफ किए और चंपत हो गया। शायद उसे लगा होगा कि सरकारी माल है, कौन हिसाब मांगेगा?

### मुखबिर के जाल में फंसा राजकुमार

31 मार्च को जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने टूटी खिडक़ी और खाली कमरा देखा, तो उनके होश उड़ गए। थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। पुलिस ने जब मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, तो सुई जाकर रुकी ननिहाल में रह रहे राजकुमार पर। पुलिस ने जब उसे हिरासत में लेकर सख्ती दिखाई, तो आरोपी का सारा टैलेंट बाहर आ गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### न्यायालय ने दिखाया रास्ता

पुलिस ने आरोपी के पास से 25,400 रुपये कीमत की एलईडी टीवी और बर्तन बरामद कर लिए हैं। रविवार, 5 अप्रैल को पुलिस ने इस शातिर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे उसकी सही जगह (जेल) भेज दिया गया है। इस त्वरित खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर सिंह, कोमल सिंह, आरक्षक अजीत यादव, मोनू शर्मा और गुरुदयाल उइके की भूमिका कडक़ रही।

# युवा कांग्रेस ने युवा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत संगठन की धार तेज, मिशन-2026 की तैयारी!

**शहडोल।** जिले की सियासत में युवाओं की धमक उस वक्त और तेज हो गई जब मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के फायरब्रांड प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का आगमन हुआ। मौका था संगठनात्मक मजबूती की धार परखने का, जहां युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशिष तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का ऐसा पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत किया कि विरोधियों के खेमे में हलचल मच गई।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनघोरिया ने साफ कर दिया कि अब ड्राइंग रूम वाली राजनीति का वक्त खत्म हो चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन को पत्थर की लकीर की तरह मजबूत बनाना होगा। युवाओं की भागीदारी सिर्फ नारों तक नहीं, बल्कि सत्ता के गलियारों तक होनी चाहिए।

स्वागत की कमान संभाले आशीष तिवारी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि युवा कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर चुप बैठने वाली नहीं है। उन्होंने दो-टूक शब्दों में चेताया कि जमीन स्तर पर संगठन इतना सशक्त होगा कि जनविरोधी ताकतों के पसीने छूट जाएंगे। बैठक में सैकड़ों की तादाद में उमड़े युवाओं का हुजूम गवाह था कि शहडोल में कांग्रेस की युवा ब्रिगेड अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। यह केवल एक स्वागत नहीं, बल्कि आने वाले सियासी तूफानों की आहट थी। अब देखना होगा कि आशीष तिवारी की यह सक्रियता जिले की राजनीति में क्या नया मोड़ लाती है।

# ब्योहारी में भारत गैस का काला खेल

## सरबाही के राकेश बैस की दबंगई, घरेलू सिलेंडर दुकानों की बढ़ा रहे शोभा




गरीब ई-केवाईसी के नाम पर लूटा जा रहा, प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

**शहडोल।** सरकार कहती है उज्ज्वला से रसोई चमकेगी, लेकिन ब्योहारी के सरबाही खुर्द स्थित भारत गैस ग्रामीण वितरक के संचालक राकेश बैस ने जनता की आँखों में ऐसी गैस झोंकी है कि गरीब को धुँआ भी नसीब नहीं हो रहा। यहां रसोई की आग बुझ रही है और कालाबाजारी की भट्टी धधक रही है। एजेंसी संचालक की मनमानी और दबंगई का आलम यह है कि वैध उपभोक्ता दर-दर भटक रहे हैं और ब्लैक में नोट फेंकने वालों के घर बिना बुकिंग के सिलेंडर पहुंच रहे हैं।



### युद्ध का बहाना और दो हजार का निशाना!

हद तो तब हो गई जब एजेंसी संचालक ने रूस-यूक्रेन युद्ध का हवाला देकर गैस की किल्लत का राग अलापना शुरू कर दिया। भोली-भाली जनता को समझाया जा रहा है कि पीछे से गैस नहीं आ रही, लेकिन वही गैस पर्दे के पीछे से दो हजार रुपये में कथित दलालों के जरिए धड़ल्ले से बेची जा रही है। मोबाइल पर बुकिंग कराकर हफ्तों इंतजार करने वाला उपभोक्ता जब थक-हारकर दलाल की शरण में जाता है, तो जादुई तरीके से सिलेंडर प्रकट हो जाता है।

### ई-केवाईसी के नाम पर पाइप का डाका

गरीब उपभोक्ताओं को लूटने का एक और नायाब तरीका खोजा गया है। ई-केवाईसी के नाम पर उपभोक्ताओं को घंटों खड़ा किया जाता है और फिर जबरन 190 रुपये वसूलकर एक गैस पाइप थमा दी जाती है। उपभोक्ता चिल्लाता रह जाए कि उसे पाइप नहीं चाहिए, लेकिन साहब की तानाशाही के आगे किसकी चलती है? यह जबरिया बिक्री है या सेवा? इसका जवाब तो शायद साहब के पास भी नहीं होगा।

### शुक्ला पेट्रोल पंप के पीछे समानांतर सरकार

सरवाही खुर्द की मुख्य एजेंसी तो बस नाम की है, असली खेल तो ब्योहारी रीवा रोड पर शुक्ला पेट्रोल पंप के पीछे स्थित गुप्त शाखा से चल रहा है। यहाँ सैकड़ों सिलेंडर डंप करके रखे गए हैं, जो केवल ब्लैक मार्केटिंग के लिए आरक्षित हैं। आलम यह है कि शहर की हर छोटी-बड़ी दुकान पर घरेलू लाल सिलेंडर गाहे-बगाहे मुस्कुराता मिल जाएगा, जबकि गरीब की चूल्हा-चौकी ठंडी पड़ी है।

### प्रशासन की गांधारी वाली भूमिका

सबसे बड़ा सवाल तो क्षेत्र के जिम्मेदार प्रशासनिक अमले पर उठता है। क्या साहब को यह खुली लूट दिखाई नहीं देती या फिर ऊपर तक चढ़ावे की रस्म अदा की जा रही है? जनता सब देख रही है कि कैसे एक रसूखदार संचालक पूरे सिस्टम को अपनी उंगलियों पर नचा रहा है। लगता है राकेश बैस ने आत्मनिर्भर भारत का मतलब खुद को मालामाल करना समझ लिया है। जनता दर-दर भटके तो भटके, साहब की जेबें गरम रहनी चाहिए। आखिर प्रशासन भी तो सबका साथ, सबका विकास के नारे को एजेंसी वाले का विकास समझकर मौन व्रत धारण किए बैठा है।

# शहडोल की सडक़ों पर युवा कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन



शहडोल।

05 अप्रैल 2026 को शहडोल की फिजाओं में सियासी सरगर्मी उस वक्त उफान पर आ गई, जब मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने नगर में कदम रखा। जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के नेतृत्व में युवाओं की टोली ने जिस आक्रामक अंदाज में अपने नेता का इस्तकबाल किया, उसने विरोधियों के खेमे में हलचल मचा दी है।

कार्यक्रम का आगाज जननायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद जय स्तंभ चौक से शुरू हुई विशाल बाइक रैली ने शहर के मुख्य मार्ग अम्बेडकर चौक और गांधी चौक को कांग्रेस के झंडों से पाट दिया। गगनभेदी नारों और बुलेट की गर्जना के साथ यह हुजूम सीधा कांग्रेस भवन पहुंचा। सैकड़ों कार्यकर्ताओं के जोश ने साफ कर दिया कि आगामी चुनौतियों के लिए युवा ब्रिगेड पूरी तरह तैयार है।

यह केवल एक स्वागत रैली नहीं, बल्कि एक युद्धस्तर की संगठनात्मक बैठक थी। इसका मुख्य उद्देश्य 13 अप्रैल को जबलपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर होने वाले ऐतिहासिक घेराव की अग्रिम रणनीति बनाना रहा। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और राकेश कटारे सहित जिले के दिग्गज कांग्रेसी मौजूद रहे। शहडोल के युवाओं ने हुंकार भर दी है, अब लड़ाई सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि सडक़ों पर होगी। 13 तारीख का जबलपुर कूच सत्ता के गलियारों में कंपन पैदा करने की पहली सीढ़ी साबित होगा।



# सीएमओ पूजा बुनकर का धनपुरी की सडक़ों पर कड़ा रुख

**धनपुरी।** स्वच्छता सर्वेक्षण के मैदान में इस बार धनपुरी नगर पालिका कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोडऩा चाहती। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर ने खुद कमान संभालते हुए नगर के चौपाटी क्षेत्र और विभिन्न व्यावसायिक वार्डों का तूफानी दौरा किया। सीएमओ के इस अचानक निरीक्षण से नगर पालिका के अमले में हडक़ंप मच गया।निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने साफ-सफाई की जमीनी हकीकत पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित स्वच्छता प्रभारियों और अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि चौपाटी जैसे व्यस्त क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था केवल खानापूर्ति बनकर न रह जाए। उन्होंने आदेश दिया कि नियमित सफाई के साथ-साथ दीवारों की रंगाई-पुताई और सौंदर्यीकरण का काम तत्काल युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए। सीएमओ ने स्पष्ट कर दिया कि नगर की छवि सुधारने के लिए कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है। उन्होंने मैदानी अमले को चेतावनी दी कि स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर वार्ड को आकर्षक और कचरा मुक्त बनाना अनिवार्य है। प्रशासन अब कछुआ चाल से चलने के मूड में नहीं है। अगर धनपुरी को स्वच्छता की रैंकिंग में ऊपर आना है, तो अधिकारियों को कुर्सी छोड़ सडक़ों पर उतरना ही होगा। सीएमओ के इस कड़े तेवर ने साफ कर दिया है कि अब काम में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है।

## मैकी स्कूल के स्टॉफ की कलेक्टर ने की सराहना



**शहडोल।** शिक्षा के गिरते स्तर के बीच सोहागपुर का शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। जिले के मुखिया कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जब स्कूल का औचक निरीक्षण किया, तो वहां की चाक-चौबंद व्यवस्था देख वे दंग रह गए। रसोई घर से लेकर कक्षाओं तक बिखरी स्वच्छता और शिक्षकों के समर्पण ने साहब का दिल जीत लिया।

कलेक्टर ने दो-टूक शब्दों में कहा कि अगर नीयत साफ हो तो सरकारी स्कूल भी मिसाल बन सकते हैं। उन्होंने प्रधानाध्यापक श्रीमती जयश्री जायसवाल और स्टाफ की सराहना करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि जिले के अन्य स्कूल भी मैकी से सीख लें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त आनंद राय सिंहा सहित पूरा अमला मौजूद रहा।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे विकासखंड शिक्षा अधिकारी



**शहडोल।** मध्य प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान 2026 के तहत आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम 04 अप्रैल को आयोजित किया गया जो प्रदेश सरकार की एक अनूठी पहल है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, जन-प्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक सरकारी स्कूलों में छात्रों के बीच पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई से संबंधित चर्चा की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन, प्रेरणा और सकारात्मक सोच देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की राह आसान बनाना है। इसी क्रम में विकासखंड जयसिंहनगर के शासकीय हाई स्कूल देवरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद तिवारी छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम के गहन अध्ययन के गुण सिखाए, वहीं छात्र-छात्राओं को शाब्दिक त्रुटियों की बारीकियों से भी अवगत कराया।? इस दौरान खंड अकादमिक समन्वयक ओमप्रकाश तिवारी एवं विद्यालय के प्राचार्य धनेन्द्र सिंह परिहार सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वॉश ऑन व्हील अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रहा प्रोत्साहन, जागरूकता रैली आयोजित

**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम जमुई में मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी पहल वॉश ऑन व्हील को ग्रामीण स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। वॉश ऑन व्हील एक ऐसा इनिशिएटिव है, जिसके अंतर्गत एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से व्यक्तिगत, सामूहिक एवं संस्थागत शौचालयों की सफाई सेवा घर-घर तक उपलब्ध कराई जा रही है। रैली का नेतृत्व डिप्टी कलेक्टर गैलेक्सी नागपुरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सोहागपुर की टीम, ग्राम जमुई के सचिव, रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी तथा स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वॉश ऑन व्हील एप्लिकेशन के उपयोग के प्रति जागरूक



किया गया तथा उन्हें प्रेरित किया गया कि वे ऐप के माध्यम से बुकिंग कर अपने शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कम्युनिटी सैनिटरी कॉम्प्लेक्स (षटस्ष्ट), स्कूलों एवं अन्य संस्थानों में, जहाँ सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं होते, वहाँ भी अब नियमित सफाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, कोई भी ग्रामीण अपने व्यक्तिगत शौचालय की सफाई इस एप के माध्यम से आसानी से करवा सकता है।

योजना के तहत निर्धारित दरें भी सरल और किफायती रखी गई हैं। व्यक्तिगत शौचालय की सफाई हेतु 50 प्रति शौचालय तथा संस्थागत (स्कूल/सीएससी) शौचालय के लिए 200 प्रति शौचालय शुल्क निर्धारित है। विशेष बात यह है कि सफाई के लिए आवश्यक सभी सामग्री जैसे एसिड, फिनाइल, हार्पिक एवं सैनिटाइजर संबंधित कर्मचारी द्वारा ही उपलब्ध कराए जाते हैं। उपयोगकर्ता को केवल एप के माध्यम से बुकिंग करनी होती है तथा सफाई पूर्ण होने के बाद ओटीपी साझा कर भुगतान करना होता है। इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर बेहतर हो रहा है, बल्कि स्वच्छता कर्मियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। वॉश ऑन व्हील जैसे नवाचार ग्रामीण स्वच्छता अभियान को नई दिशा देने के साथ-साथ जनभागीदारी को भी सशक्त बना रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नर्मदांचल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



अमरकंटक। पवित्र तीर्थनगरी अमरकंटक में खेल एवं युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए नर्मदांचल स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट वर्ष 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह एवं उमंग का वातावरण व्याप्त है तथा खेल प्रेमियों में विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का शुभारंभ 05 अप्रैल सायं 06:00 बजे हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना, उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा क्षेत्रीय स्तर पर खेल संस्कृति को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती हिमाद्री सिंह सांसद शहडोल तथा फुंदे लाल सिंह विधायक पुष्पराजगढ़ की उपस्थिति प्रस्तावित है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हीरा सिंह श्याम जिलाध्यक्ष भाजपा अनुपपुर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैन सिंह परस्ते सीएमओ नगर परिषद अमरकंटक करेंगे। साथ ही आयोजन में रोशन पनारिया मंडल अध्यक्ष अमरकंटक, दिनेश द्विवेदी नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद अमरकंटक एवं प्रकाश द्विवेदी विक्की सांसद प्रतिनिधि अमरकंटक की विशेष उपस्थिति भी रहेगी। नर्मदांचल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित इस नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की विभिन्न टीमों के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी, जिससे न केवल खेल भावना को बल मिलेगा, बल्कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश भी प्रसारित होगा। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस अवसर पर आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने एवं इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### सीईओ ने पीएम श्री बालक कॉलरी स्कूल में बच्चों से किया संवाद



उमरिया। स्कूल शिक्षा विभाग व्दारा आयोजित स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने जिला मुख्यालय उमरिया स्थित पीएमश्री बालक उमावि कॉलरी में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन स्कूल आकर अपने अध्ययन का कार्य पूरी ईमानदारी से करें तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय सारिणी का निर्धारण करें।

### भक्ति की बयार: कोठी में हनुमान जयंती पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# भव्य भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद









कोठी।

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर समूचा ग्राम कोठी जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। अवसर था संकटमोचन हनुमान जयंती का, जिसे ग्राम कोठी में इस वर्ष ऐतिहासिक भव्यता के साथ मनाया गया। स्थानीय हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रद्धा, समर्पण और सेवा का एक अनूठा संगम देखने को मिला, जहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका और महाप्रसाद ग्रहण किया।

#### पांच वर्षों से अनवरत जारी है सेवा का संकल्प

क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी रामेश्वर सिंह परमार के सौजन्य से आयोजित यह कार्यक्रम अपनी भव्यता के लिए पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। उल्लेखनीय है कि श्री परमार द्वारा विगत 5 वर्षों से निरंतर हनुमान जयंती पर विशाल भंडारे और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के आयोजन ने भव्यता के पिछले सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि और धार्मिक एकता के लिए लिया गया एक सेवा संकल्प है।

#### सुरों की सरिता में डूबा कोठी

भक्ति का रंग तब और गहरा हो गया जब विख्यात भजन गायकों ने अपनी मधुर आवाज से हनुमान जी के चरणों में स्वर-पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम का आकर्षण केवल महाप्रसाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सुंदर एवं उत्कृष्ट भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजनों की सरिता में श्रद्धालु सराबोर नजर आए। पूरी रात मंदिर प्रांगण भक्ति भाव में डूबा रहा। जैसे ही गायकों ने हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का सस्वर पाठ शुरू किया, समूचा जनसमूह भक्ति की धुन पर झूमने को मजबूर हो गया। ढोलक और मजीरों की थाप पर थिरकते ग्रामीण कोठी की फिजाओं में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहे थे।

#### दिग्गजों ने पंगत में बैठकर पाया प्रसाद

इस आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल पहुंचे। उनके साथ पूर्व कोतमा विधायक सुनील सराफ और जिला पंचायत सदस्य रिंकू मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने सबसे पहले पवनपुत्र हनुमान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात, सादगी की मिसाल पेश करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों ने आम जनमानस के साथ जमीन पर बैठकर पंगत में संगत की परंपरा का निर्वहन किया और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में समरसता और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं।

#### प्रशासनिक दक्षता और जन-सहयोग का उदाहरण

इतने विशाल जनसमूह के आगमन के बावजूद व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। कार्यक्रम की सफलता में ग्राम पंचायत की टीम का विशेष योगदान रहा। सरपंच भगवान दास सिंह गोंड और उप सरपंच शिवकुमार शर्मा स्वयं व्यवस्थाओं की कमान संभाले नजर आए। उनके साथ गांव के प्रबुद्ध नागरिक और युवाओं की टोली अनुशासन बनाए रखने में जुटी रही।



#### इन युवाओं और सहयोगियों ने संभाली जिम्मेदारी

भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रामेश्वर सिंह परमार की युवा टीम ने दिन-रात एक कर दिया। आयोजन की व्यवस्थाओं में मुख्य रूप से पुष्पेंद्र सिंह, रवि सिंह, मनोज सिंह, पवन कुमार सिंह, राजा भैया सहित उनके सभी मित्रजनों और ग्रामीण युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। भोजन वितरण से लेकर अतिथियों के सत्कार तक, हर मोर्चे पर इन युवाओं का समर्पण साफ दिखाई दिया।

#### सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हुआ क्षेत्र

क्षेत्रवासियों ने इस सफल आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। ग्रामीणों का मानना है कि श्री परमार के नेतृत्व में होने वाले इन आयोजनों से न केवल नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है, बल्कि पूरे क्षेत्र में व्याप्त नकारात्मकता दूर होती है। मंदिर प्रांगण की उत्कृष्ट साज-सज्जा और प्रकाश व्यवस्था ने रात्रि के समय कोठी को मिनी अयोध्या जैसा स्वरूप प्रदान कर दिया था। देर रात तक चले इस महोत्सव का समापन हनुमान जी की भव्य आरती और मंगल कामना के साथ हुआ। विदाई के समय हर किसी के चेहरे पर एक आत्मिक शांति और भक्ति की चमक साफ देखी जा सकती थी।







## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कथली नदी में किया गया बोरी बंधान
## अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने जल को सहेजने का लिया संकल्प







उमरिया।

प्रदेश सरकार व्दारा हर गांव, बस्ती में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य पानी की एक एक बूंद को सहेजना है। यदि आज हम पानी की एक एक बूंद की बचत करेंगे तो भविष्य में पानी के संकट से उबरने में आसानी होगी । उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नगर परिषद चंदिया स्थित कथली नदी में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छोटी छोटी जल संरचनाओ के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है । उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन अभियान बनाएं , और जल स्त्रोतो के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए पानी की एक एक बूंद को बचाएं, तभी यह अभियान सफल होगा। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को निर्देशित किया कि कथली नदी पर हुए अवैध अतिक्रमणों एवं निर्माणों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी को अतिक्रमण मुक्त करें। आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि जल है तो कल है। जल के बिना मानव जीवन अधूरा है,इसलिए आवश्यक है कि जल को व्यर्थ नही बहाएं। शासन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर जल को सहेजने का कार्य करें। इस अवसर पर नगर परिषद चंदिया के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल, पार्षद तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।



### चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय, अमरकंटक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय में जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 45 मरीजों का पंजीयन कर उन्हें समुचित चिकित्सा परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें डॉ. आशुतोष पाठक, डॉ. एस. के. तिवारी, तथा डॉ. अंबिकेश पांडेय प्रमुख रूप से शामिल रहे। इनके साथ ही श्रीमती पाठक ने भी सेवाभाव से योगदान दिया। औषधि वितरण की जिम्मेदारी अभिषेक मिश्रा द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई गई। इस स्वास्थ्य शिविर में सामान्य रोगों के साथ-साथ लकवा (पक्षाघात) एवं मिर्गी जैसे जटिल रोगों से पीड़ति मरीजों को भी विशेष परामर्श दिया गया, जिससे मरीजों को उचित दिशा एवं उपचार की जानकारी प्राप्त हुई। शिविर के सफल संचालन में स्थानीय सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रामसनेही नापित, सुखनंदन सिंह, राजेश कुमार तिवारी, ईश्वरी पांड्रम तथा दीपक कुमार चंद्रवंशी ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर न केवल चिकित्सा सेवा प्रदान करने का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना को भी सुदृढ़ करने का कार्य किया। ऐसे आयोजन ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### राजनगर भाजपा मंडल का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

## संगठन की कार्य पद्धति व आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा



हरिभूमि न्यूज राजनगर। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 3 एवं 4 अप्रैल को कार्यशाला राजनगर मंडल के अभिनंदन भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित हुआ। राजनगर मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सचिन द्विवेदी एवं धर्मेंद्र सिंह (अध्यक्ष) पिछड़ा मोर्चा ने सफल मंच संचालन किया। इस कार्यक्रम के कार्यक्रम प्रभारी विनोद केवट जिला उपाध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। प्रथम दिवस इस प्रशिक्षण महाअभियान के उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में कोतमा विधानसभा के विधायक दिलीप जायसवाल (मंत्री) मध्यप्रदेश शासन लघु, कुटीर गृहउद्योग, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामदास पुरी, डॉ. सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार, यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद बनगवां, प्रेमचंद यादव पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा एवं सांसद प्रतिनिधि, ज्योति सोनी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विनोद केवट जिला उपाध्यक्ष भाजपा कार्यक्रम प्रभारी सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, के चित्र पर फूल अर्पित एवं दीप प्रज्वलन करने के पश्चात सामूहिक राष्ट्रीय गीत गाया गया। समय-समय पर वर्ग गीत, राष्ट्रीय गीत, नारायण साहू, प्रमोद शुक्ला, संजय वर्मा, द्वारा गाया गया। इसके बाद प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ हुआ। पार्टी के प्रशिक्षित वक्ताओं ने अलग-अलग विषय पर मार्गदर्शन दिया। इस अभियान में संगठन के विचारधारा, कार्य पद्धति एवं आगामी रणनीतियों पर विचार चर्चा की गई। कुल आठ सत्रों में व्याख्यान हुए वक्ताओं ने अपने निर्धारित सत्र पर व्याख्यान दिए।प्रथम सत्र के मुख्यवक्ता के रूप में मंत्री दिलीप जायसवाल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत सिंह (अध्यक्ष) नगर परिषद बनगवां ने की। प्रमुख वक्ता दिलीप जायसवाल ने प्रदेश सरकार के अनेक उपलब्धियो के बारे में बताया कि, सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत का आरक्षण, बुनियादी ढांचा और उद्योग में प्रदेश की सड़के, उद्योग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाऐ, लाडली बहना योजना, कल्याणकारी योजनाऐ, नल जल योजना, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कीर्तिमान, युवा और कौशल क्षेत्र में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, निशुल्क एयर एंबुलेंस चिकित्सा क्षेत्र में सबसे बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश सरकार की ऐसे अनके उपलब्धियो के बारे में मुख्य वक्ता द्वारा बताया गया। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में रामदास पुरी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने की, मुख्य वक्ता रामदास पुरी ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, कि बूथ प्रबंधन में मतदान केंद्र पर जमीनी स्तर की तैयारी की जाती है। जिसमें कार्यकर्ताओं की मतदाताओं से सीधा संपर्क होता है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदान के दिन अपने समर्थकों को बूथ तक लाना, मतदान प्रतिशत बढ़ाना और चुनावी धांधली रोकना होता है। प्रत्येक बूथ पर पार्टी का एक प्रशिक्षित और वफादार प्रतिनिधि होता है। जो मतदाता सूची की जांच करता है, कौन से मतदाता किसके समर्थक हैं और वोटिंग पर नजर रखते है। तथा मन की बात के बारे में बताया कि यह कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ था। जो रेडियो के माध्यम से देश की जनता से जोड़ने का एक गैर राजनीतिक प्रयास था। इसका उद्देश्य जन भागीदारी बढ़ाना है। यह कार्यक्रम जनता के मुद्दों को सुनने और उन पर चर्चा करने के लिए एक सीधा मंच प्रदान करता है। जो राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका को बढ़ावा देता है। तृतीय सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में वासुदेव जगवानी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश चौहान ने की। मुख्य वक्ता ने वैचारिक अधिष्ठान के बारे में कहा कि, एकात्म मानववाद यह विचारधारा भौतिक अध्यात्मिक विकास के बीच संतुलन धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की वकालत करती है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद या भारत की प्राचीन संस्कृति परंपराओं और मूल्यों को राष्ट्र कि आत्मा मानती है। तथा पंच निष्ठा के प्रमुख सिद्धांतों पर चलती है। अंत्योदय समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ तथा सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास, के बारे में विस्तार पूर्वक सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को बताया। चतुर्थ सत्र के प्रमुख वक्ता के रूप में हनुमान गर्ग तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंगी सिंह ने की, मुख्य वक्ता ने केंद्र सरकार की अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया। पंचम सत्र के प्रमुख वक्ता के रूप में प्रेमचंद यादव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुनीता सिंह ने की। मुख्य वक्ता ने कार्य विस्तार कि हमारी दृष्टि के बारे कहां कि संगठन का वास्तविक बल उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं और कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि की ओर संख्या बढ़ाना नहीं बल्कि विचार, संस्कार, सेवा और संगठन को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। षष्ठम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आधाराम वैश्य तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता देवनाथ त्रिपाठी ने की मुख्य वक्ता ने बताया कि, संगठन के कार्य पद्धति में भाजपा की कार्यशैली ही उसे दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक दल सदस्यता के आधार पर बनाती है। जिसमें संगठन ही सर्वोपरि है। सत्यम सत्र के प्रमुख वक्ता के रूप में डां. सुनील कुमार चौरसिया रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन जी ने कि, मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया, नमो ऐप और सरल ऐप, एआई, के क्या उपयोग है। सोशल मीडिया के बारे में लाभ और हानि के बारे में विस्तारपूर्वक पूर्वक चर्चा की। अष्टम सत्र में प्रमुख वक्ता के रूप में गजेंद्र सिंह सिकरवार रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार तिवारी ने कि, मुख्य वक्ता ने जनसंघ, जनता पार्टी से लेकर भाजपा के इतिहास, और उसके विकास के बारे में बताया, भाजपा की स्थापना कैसे हुई। भारतीय जनसंघ, से जनता पार्टी, फिर 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बारे में बताया। डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संगठन में क्या योगदान रहा। इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस प्रकार सभी आठ सत्रों का समापन हुआ। राजनगर मंडल में प्रशिक्षण अभियान में 150 भाजपा कार्यकर्ताओं का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 140 महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मंडल प्रशिक्षण में उत्तम कोटि की व्यवस्था रखी गई थी। जिसे राजनगर मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विनय केवट जिला उपाध्यक्ष के देखरेख में संपन्न हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में सभी वक्ताओं ने अपने अपने विषयों पर प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। नगर परिषद बनगवां, नगर परिषद डूमरकछार तथा राजनगर मंडल के ग्रामीण क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता इस दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण में महाअभियान उपस्थित हुए। अंत में कार्यक्रम का समापन में सचिन द्विवेदी महामंत्री द्वारा आभार प्रकट किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद प्रेषित किया गया।

### एसडीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने बीएमओ को दिए सख्त निर्देश





मानपुर।

एसडीएम हरनीत कौर कलसी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। ओपीडी रजिस्टर की जांच के दौरान मरीजों के मोबाइल नंबर दर्ज न होने पर इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए प्रत्येक मरीज का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज किये जाने के निर्देश दिए गए। दवाइयों का स्टॉक पर्याप्त एवं व्यवस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष के बिस्तर,चादर एवं तकिए गंदे स्थिति पर पाए जाने, शौचालयो मे साफ सफाई का अभाव होने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ सफाई रखने के सख्त निर्देश दिए।अस्पताल परिसर की समग्र साफ सफाई संतोषजनक पाई गई।

अस्पताल में बिस्तरों की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद उनके पुराने एवं गंदे होने के कारण मरीजों द्वारा घर से चादर लाने की स्थिति पर भी एसडीएम ने सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक नर्स के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण मांगा गया, जबकि पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों के आहार एवं देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए गए।

साथ ही बिना सक्षम अनुमति के अनुपस्थित पाए गए कर्मचारी पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए ।आईपीडी कक्ष में एक मरीज के भर्ती समय में गड़बड़ी पाए जाने तथा संबंधित बीमारी का इलाज उपलब्ध न होने के बावजूद मरीज को एडमिट रखने को गंभीर लापरवाही मानते हुए एसडीएम ने बीएमओ को हिदायत दी और स्पष्ट कहा कि मरीजों के जीवन से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में मेघों की मेहरबानी
## गरज-चमक के साथ बारिश, गिरे छोटे ओले, मौसम हुआ सुहाना



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। प्रमुख पर्यटन केंद्र एवं धार्मिक-आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में रविवार 5 अप्रैल को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज गर्जना के साथ मध्यम से तेज बारिश हुई, वहीं कुछ समय तक छोटे-छोटे ओले भी गिरे। यह वर्षा लगभग आधे घंटे तक जारी रही, जिससे वातावरण पूरी तरह शीतल और आनंददायक हो गया। गौरतलब है कि इससे पहले 2 अप्रैल (गुरुवार) और 3 अप्रैल (शुक्रवार) को भी दोपहर एवं शाम के समय हल्की से मध्यम वर्षा हुई थी। लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते अमरकंटक के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। बीते दिनों जहां दिन का तापमान 31-32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं रात्रि में तापमान 15-16 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ रहा है। ताजा वर्षा के बाद तापमान में और गिरावट आई है, जिससे गर्मी का प्रभाव लगभग समाप्त हो गया है। बारिश के बाद पवित्र नगरी अमरकंटक का मौसम बेहद खुशनुमा, सुहाना और शीतल हो गया है। वातावरण में ताजगी और ठंडक व्याप्त है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आए पर्यटक, तीर्थयात्री और दर्शनार्थी भी इस मनमोहक मौसम का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। महाराष्ट्र के पुणे, मुंबई और नागपुर से नर्मदा परिक्रमा पर आए श्रद्धालुओं ने बताया कि अमरकंटक का मौसम उन्हें अत्यंत प्रिय लगा" यहां तो गर्मी का नामोनिशान नहीं है, जबकि अन्य स्थानों पर भीषण गर्मी पड़ रही है।" वहीं चेन्नई और हैदराबाद से आए पर्यटक भी इस सुखद मौसम से बेहद प्रसन्न नजर आए। लखनऊ से आए तीर्थयात्रियों के दल ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा, "हमें यहां इतने सुहावने मौसम की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। यह सब मां नर्मदा की कृपा है, जो यहां का वातावरण इतना अद्भुत और आनंददायक बना हुआ है।" बारिश और शीतल हवाओं के बीच अमरकंटक इन दिनों प्रकृति की अनुपम छटा बिखेर रहा है, जो हर आगंतुक के मन को मोह लेने वाला साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### संगठन की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प के साथ बकहो एवं खैरहा में प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**बुढार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत ग्राम बकहो और खैरहा में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मूल विचारधारा और सिद्धांतों को साझा किया।

**प्रमुख बिंदु एवं चर्चा-** प्रशिक्षण सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती सरावगी ने कहा कि संगठन के मूल मंत्रों पर प्रकाश डाला और:विचारधारा के सिद्धांत: कार्यकर्ताओं को संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि और उसके ऐतिहासिक विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की।जनसेवा का संकल्प: समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने और 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के ध्येय को दोहराया गया।संगठन की मजबूती: कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए यह रेखांकित किया गया कि समर्पण के बल पर संगठन आज हर वर्ग तक अपनी पहुँच बनाने में सफल रहा है।

**वरिष्ठ नेतृत्व का सानिध्य-** कार्यक्रम में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी के गरिमामई उपस्थिति रही। उनका मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का मुख्य स्रोत बना। उन्होंने राष्ट्र सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहने और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया।"ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम हमें हमारी वैचारिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। यह केवल एक बैठक नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प को नया आयाम और दिशा देने का माध्यम है।"

**कार्यकर्ताओं का आभार-** कार्यक्रम के अंत में बकहो और खैरहा के समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति उनके अटूट प्रेम, सहयोग और समर्पण के लिए बकहो नगर परिषद अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का छठवां दिन



**उमरिया।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठवां दिन ग्राम पंचायत उजान में उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुबह 5.30 बजे प्रभात फेरी की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई,जो खेर माता मंदिर और आंगनबाड़ी से होते हुए पूरे गांव की परिक्रमा कर पुनः विद्यालय परिसर पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी के बाद योग एवं व्यायाम सत्र में सूर्य नमस्कार, कुंभक, वज्रासन, प्रारंभिक धनुरासन और शवासन का अभ्यास कराया गया तथा योग के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा हुई। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े, रामदीन बैग और कोर टीम के साथ सामूहिक स्वल्पाहार किया। परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के मंत्र को अपनाते हुए ग्राम पंचायत उजान, माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी और खेर माता मंदिर में साफ-सफाई एवं सज्जा का कार्य किया गया। बौद्धिक सत्र का आयोजन विषय नशा मुक्त भारत पर हुआ। इस सत्र में डॉ. सौरभ पाण्डेय, डॉ. ऋषिराज पुरवार, डॉ. रानी सिंह, सुरेश कामडे और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने मार्गदर्शन दिया। समाज सुधारक श्री जितेंद्र कुमार मुख्य वक्ता रहे और कमलभान सिंह ने अध्यक्षता की। सत्र का संचालन स्वयंसेवक शिवम बैगा ने किया तथा आभार अजय विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नरवार-25 की मासिक बैठक अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभांवित करने पर चर्चा , समिति के दस्तावेजों की प्रक्रिया एवं लेखन व्यवस्था पर विस्तार से विचार-विमर्श, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण पर चर्चा पर चर्चा की गई।इस अवसर पर उपस्थित जनों को रैली निकालकर नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई । ग्राम नरवार के प्रवेश स्थल पर जागरूकता बोर्ड स्थापित किया गया। बैठक में समिति के सभी सदस्य, ग्राम पंचायत के सचिव रतन सिंह एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पाली में भव्य स्वागत

## बाइक रैली प्रदेश अध्यक्ष ने रोशनी कोल के घर चूल्हे में चाय बना पिलायी, माता बिरासनी के दरबार में माथा टेक की प्रार्थना





बिरसिंहपुर पाली

युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघौरिया के पाली आगमन पर उनका भव्य स्वागत कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। नगर प्रवेश के दौरान रामपुर गैरिज के पास कांग्रेस जनो ने अपने नेता का फूल माला से अभिनंदन किया। ब्लाक अध्यक्ष रवि मिश्रा ने नगर की अधिष्ठात्री देवी माँ बिरासनी की प्रतिमा भेंटकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष वार्ड नं 5 में रोशनी कोल के घर जाकर लकड़ी के चूल्हे में चाय पकायी अपने कार्यकर्ताओं को पिलाया और खुद पीये। चाय पीने के तदुपरांत युवक कांग्रेस के व्दारा आयोजित बाइक रैली में सवार होकर मुख्य मार्ग से जगत जननी जगदंबा बिरासनी माता मंदिर पहुचकर माता की विधिवत पूजा आराधना करते हुए जगत कल्याण की कामना की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने बताया की हमारे प्रधानमंत्री जी ने पहले नोटबंदी कर देश की जनता को लाइन में खड़ा कर दिया था, आज फिर वही स्थित बन गयी है और देश के लोगों को गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगा दिया है। जबसे प्रधानमंत्री का नाम एप्स्टीन फाइल में आया है तबसे प्रधानमंत्री ने देश का सौदा अमेरिका से करते हुए आम लोगों के आत्म सम्मान को गिरवी रख दी है। प्रधानमंत्री ने हमारे मित्र देशों से संबंध बिगाड़ रखा है जिसके कारण देश में गैस की किल्लत शुरू हो गयी, अगर इरान से संबंध मित्रवत होते, तो यह समस्या पैदा ही नहीं होती। आगामी 13 अप्रैल को गैस की किल्लत पर युवक कांग्रेस प्रदेश व्यापी जनांदोलन जबलपुर में छेडने जा रही है,जो क्रम बद्ध से हर जिले में आयोजित किये जायेंगे। आज आम आदमी को गैस नहीं मिल पा रही है और लोग लकड़ी के चूल्हों के सहारे आज पेट भरने का काम कर रहे हैं। संकट के इस दौर में कांग्रेस जनता के साथ खडी है और जब तक जनता को सुकून नहीं तब तक कांग्रेस शांत बैठने वाली नहीं है। प्रदेश सरकार को कोसते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की यह सरकार पूरी तरह निकम्मी साबित हो रही है। विद्यालय भवन बने हुए हैं, अस्पताल के बहुमंजिला इमारते खडी कर दी गई है लेकिन विद्यालयों में शिक्षक और अस्पतालों में चिकित्सक उपलब्ध नहीं कराये जा रहे। प्रदेश आज पूरी तरह कर्ज मे डूबा हुआ है और प्रदेश का अधिकांश बजट ब्याज चुकाने में ही चला जाता है। आपने बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि आज का युवक पढ लिखकर बेरोजगार बना घुम रहा है। प्रदेश में रोजगार के अवसर लगभग समाप्त कर दिये गये हैं। भाजपा के कुशासन से जनता हैरान, परेशान है। कानून व्यवस्था के संबंध में गृह मंत्री को आडे हाथों लेते हुए कहा कि हर दिन प्रदेश में औसतन 40 महिलायें गायब हो रही है। इस प्रकार प्रदेश पूरी तरह अराजकता में समाया हुआ है।प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत करने पहुंचने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव खंडेलवाल जी, जानकी प्रसाद मिश्रा जी , प्रीतम नाथ पाठक जी प्रमोद कुमार उपाध्याय जी, राम नारायण पांडे जी ,कृष्णकांत अवधिया जी, इंद्र नारायण मलिक जी, रामकुमार तिवारी जी ,मनीष सिंह बडकरे जी , संतोष शुक्ला जी ,रामबिहारी उपाध्याय जी, रमेश सिंह जी, दादूराम विश्वकर्मा, रामसिंह जी, आनंद मिश्रा जी बब्लू शर्मा जी ,गौरव अग्रवाल , विकाश सोनी , उमेश यादव, विजय यादव, शीनू राव , सुरेश पनिका, मकसूद खान, प्रदीप तिवारी , शिवा नायक, रोहन जैयसवाल ,अरूण सिंह दीपक नायक, सिया बाई कोल ,उषा कोल , मुन्नी बाई नामदेव ,रामजी रौतेल, बलराम प्रजापति,दिलीप त्रिपाठी, विक्की दहिया भोला साहू, लक्ष्मण कुशवाहा जी राजेश कोल जी ,बंटी वर्मा,सनू उपाध्याय, हर्ष अवधिया जी साजिद वारशी दादू प्रजापति जी नितेश शुक्ला जी राकेश शुक्ला , रमेश दाहिया दिलीप महोबिया,अंकित मिश्रा , रजनीश तिवारी,अनिल यादव, रवि प्रजापति, सुनील साहू , चंद्रभान सिंह साजिद वारसी, जावेद खान, बाबू सिंह गौरव अग्रवाल, जावेद खान जी रुकेश बारी जी सुमित सेन एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे । प्रदेश अध्यक्ष के इस कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रजनीश तिवारी के व्दारा गरिमामयी स्थित में संपन्न हुआ। कांग्रेस का थमा दामनप्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन पर नगर के युवक युवतियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान बढाया है। आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में बलराम राठोड, श्री मती राखी राठौड़, मोहन सेन, सितारा बेगम, अमन राठौर, इमरान खान, मुन्ना सिंह जी, रज्जू कोल, और मुश्ताक अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष के हाथों सदस्यता ग्रहण की। विदित होवे की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोग आम आदमी पार्टी में अब तक जुडकर काम करते रहे हैं उन्होंने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर और ब्लाक कांग्रेस की कुशल कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# भविष्य से भेंटः स्कूल चले हम अभियान के तहत शा. माध्य. शाला मालियागुड़ा में किया अवलोकन





## प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत, वितरित की पुस्तकें व पेन

उमरिया

स्कूल चले हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा शा. माध्य. शाला मालियागुड़ा में पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, सरपंच लक्ष्मी मरावी, ग्रेस दिलीप सोनी, विद्यालय प्राचार्य सारिका नामदेव, स्कूल चले अभियान हम अभियान प्रेरक हिमांशु तिवारी अवलोकन कर प्रवेश उत्सव के दौरान छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर पुष्प दिए गए। उन्हें किताबें वितरित कर प्रवेश दिलाया गया। विद्यालय विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालक विद्यालय शिक्षक फूल सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने अपने स्कूली जीवन को याद करते हुए कहा कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा ऐसे ही शा. शाला से ही हुई है, जो पढ़ाई भौतिक रूप से यानी कक्षा में अध्ययन में होती है वह और किसी माध्यम से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को आगे बढ़ाता है एवं जीवन निर्माण के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। मालियागुड़ा सरपंच लक्ष्मी मरावी ने उपस्थित छात्रों से मन लगाकर पढ़ाई कर अपनी शाला, नगर, राज्य एवं देश का नाम रोशन करने की बात कही। स्कूल चले हम अभियान प्रेरक हिमांशु तिवारी ने बच्चों से कहा कि विद्यालय में निर्भीक होकर आएं। अपने जीवन में ज्ञान के दीपक को निरंतर जलाकर अपने भविष्य गढ़ने हेतु अभी से तत्पर हो जाएं।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तक विद्यार्थी को आदर्श जीवन का पाठ पढ़ाती है। अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का संचार करती है। बिना पुस्तक के जीवन शून्य के समान होता है। हर विद्यार्थी के लिए पुस्तक जरूरी है। यह विद्यार्थी जीवन की जड़ को मजबूत बनाती है। इस दौरान पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा,सरपंच लक्ष्मी लोकनाथ मरावी,जीराएस दिलीप सोनी, विद्यालय प्रधान अध्यापक सारिका नामदेव, शिक्षक फूल सिंह ठाकुर, शिक्षिका सोनिका सिंह,प्रतीक्षा गौतम,सोनिका सिंह, संजू दहिया, स्कूल चले हम अभियान प्रेरक हिमांशु तिवारी, साक्षी रैदास,महक सोनी, अभिनव द्विवेदी, विद्यालय विद्यार्थी सुमन कोल, आशिमा सिंह, वैदिक जोगी,प्रियांश सिंह, अनुराज सिंह, मायूस कोल, अभिराज बैगा, प्रिंस बैगा , रियान बैगा एवं सभी छात्र -छात्राएं व अभिभाक गण उपस्थित रहे।

# बकहो में भाजपा का द्विदिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह





अमलाई।

भारतीय जनता पार्टी मण्डल बकहो द्वारा आयोजित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत द्विदिवसीय प्रशिक्षण सत्र का गरिमामयी समापन उत्साह और ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक सशक्तिकरण का संदेश दिया।दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रथम सत्र में भाजपा के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डाला गया, जबकि द्वितीय सत्र में सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा वैचारिक अधिष्ठान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सत्र आयोजित हुए।प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों के प्रति निष्ठा बनाए रखने और 'राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि' के मंत्र को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना ही वास्तविक उद्देश्य है।कार्यक्रम की सफलता में मण्डल एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का आयोजकों द्वारा सम्मान भी किया गया।समापन अवसर पर वक्ताओं ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और आने वाले समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# जश्ने आजम इस तिमाही निकाह एवं इस्तेमाल खतना का प्रोग्राम किया जा रहा




ब्योहारी

नगर में विगत लगातार 32 सालों से मुस्लिम समुदाय द्वारा जश्ने आजम इस तिमाही निकाह एवं इस्तेमाल खतना का प्रोग्राम किया जा रहा है विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 19 अप्रैल 2026 मुकाम जामा मस्जिद वार्ड नंबर 3 व्यवहारी में बड़ी शान शौकत के साथ मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम में व्यवहारी विधानसभा सहित अन्य विधानसभा के लोग भी शामिल होते हैं अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा यह आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है इससे गरीब परिवार की जीवन यापन करने वाले वर एवं वधु को इस महंगाई में निकाह नहीं कर पाते हैं ऐसे लोग इस आयोजन में आ निकाह करवा लेते हैं गरीब तबके के लोग खतना करने में सक्षम नहीं रहते हैं अपने बच्चों का इस आयोजन में खतना करवा लेते हैं इस कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर एवं सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहे हैं कमेटी के सदर रमजान कादरी द्वारा बताया गया है कि इस कार्यक्रम में हम सब का है हम लोग बर्चर कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लें ताकि यह विगत कई वर्षों से आयोजन किया जा रहा है बखूबी चला है और चला रहे आप लोगों मेहरबानी से ही यह कार्यक्रम बखूबी चल रहा है।

# पैसा, पावर और युवा मोर्चा की कुर्सीः क्या धनपुरी की राजनीति अब 'दारू-दावत' तक सिमट गई है?

**बुढ़ार, शहडोल ।** नगर की राजनीति इन दिनों एक ऐसे मोड़ पर खड़ी नजर आ रही है, जहां विचारधारा, संगठन और जनसेवा की जगह कथित रूप से "पैसा, पावर और प्रभाव" ने ले ली है। खासकर युवा मोर्चा की राजनीति को लेकर जो चर्चाएं सामने आ रही हैं, वे न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी सीधा सवाल खड़ा करती हैं।सूत्रों और स्थानीय चर्चाओं के अनुसार, धनपुरी और बुढ़ार क्षेत्र में एक उभरते हुए नेता द्वारा युवा मोर्चा अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर जिस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, वह राजनीतिक मर्यादाओं से कहीं दूर दिखाई देता है। आरोप हैं कि शाम ढलते ही शहर के कुछ स्थानों पर युवाओं की महफिलें सजती हैं, जहां विचारों का आदान-प्रदान कम और कथित रूप से नारेबाजी, प्रभाव प्रदर्शन और व्यक्तिगत समर्थन जुटाने का खेल ज्यादा होता है।बताया जा रहा है कि इन बैठकों में युवाओं को प्रभावित करने के लिए हरसंभव तरीके अपनाए जा रहे हैं। "शाम, दाम, दंड, भेद" जैसी नीतियों के जरिए कथित तौर पर युवाओं के बीच ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है, जिसमें संगठनात्मक योग्यता या जनसेवा नहीं, बल्कि भीड़ जुटाने और आक्रामक भाषण देने को ही नेतृत्व की कसौटी बना दिया गया है। सवाल यह उठता है कि क्या वास्तव में इसी रास्ते से युवा नेतृत्व का चयन होना चाहिए?नगर के कुछ हिस्सों में यह भी चर्चा है कि बघेल पेट्रोल पंप के आसपास स्थित एक ढाबे के पीछे नियमित रूप से ऐसी सभाएं होती हैं, जहां राजनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गैर-औपचारिक और विवादित तरीकों का सहारा लिया जाता है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यदि इनमें सच्चाई है तो यह संगठन की छवि के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि युवाओं को सही दिशा देने के बजाय उन्हें भटकाने की कोशिश की जाती है, तो इसका असर केवल संगठन पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। युवा मोर्चा जैसे मंच का उद्देश्य नई पीढ़ी को नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों से जोड़ना होता है, लेकिन यदि वही मंच विवादों और आरोपों में घिर जाए, तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है।यह भी आरोप सामने आ रहे हैं कि कुछ लोग पार्टी संगठन को निजी संपत्ति की तरह देखने लगे हैं, जहां पद प्राप्ति के लिए सिद्धांतों की बजाय प्रभाव और संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यदि ऐसा है, तो यह उस विचारधारा के विपरीत है, जो परिवारवाद और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर संगठन को मजबूत बनाने की बात करती है।धनपुरी की जनता और विशेष रूप से युवा वर्ग अब यह सवाल पूछ रहा है कि क्या नेतृत्व की कुर्सी पाने के लिए यही रास्ता बचा है? क्या संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी इस पूरे घटनाक्रम से अनजान हैं, या फिर मौन स्वीकृति दी जा रही है?जरूरत इस बात की है कि संगठन और प्रशासन दोनों इस मामले को गंभीरता से लें। यदि कहीं भी अनुशासनहीनता, प्रलोभन या भ्रामक गतिविधियों के जरिए युवाओं को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है, तो उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। साथ ही, पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर नेतृत्व का चयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।धनपुरी की राजनीति को यदि सही दिशा में आगे बढ़ाना है, तो यह जरूरी है कि युवा ऊर्जा का इस्तेमाल सकारात्मक कार्यों में हो, न कि विवादों और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़े। वरना वह दिन दूर नहीं जब राजनीति का स्तर गिरकर केवल "दारू और कबाब" की चर्चाओं तक सीमित रह जाएगा, जो किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रो में आयुष्मान अरोग्य शिविर प्रारंभ




उमरिया।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही एस चंदेल ने बताया कि राज्य से प्राप्त निर्देश उपरांत 100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य उच्च जोखिम क्षेत्रों एवं संवेदनशील जनसंख्या में सक्रिय टीबी पहचान,शीघ्र निदान,उपचार, पोषण सहायता तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम टीबी के संक्रामक रोग को रोकना है। जिससे सामुदायिक सहभागिता एवं अभियान को सुदृढ़ किया किया जा सके। अभियान अंतर्गत जिलों में चिन्हित किए गए उच्च जोखिम गांवों में शिविर का आयोजन किया जा कर समस्त जनसंख्या की स्क्रीनिंग किया जावेगा।

शहरी क्षेत्रों में चिन्हित वार्डों एवं सामूहिक स्थानों जैसे स्लम/झुग्गी बस्तियां, निर्माण स्थल,बाजार,परिवहन केंद्र (बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन), औद्योगिक क्षेत्र,जेल,रेलवे यार्ड,प्रवासी श्रमिक समूह, बेघर आश्रय स्थल, रात्रि आश्रय आदि स्थलों पर टीबी स्क्रीनिंग करना सुनिश्चित किया जावेगा। जिला क्षय अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया कि टीवी निश्चय मित्र बनकर टीवी के मरीजों को पोषण एवं सहयोग प्रदान कर अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप



### श्रीमती अर्चना सिंह पायक ने संभाला नवोदय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्य का पदभार

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में श्रीमती अर्चना सिंह पायक ने प्राचार्य पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह दायित्व पूर्व प्राचार्य आशीष शुक्ला से संभाला। उल्लेखनीय है कि आशीष शुक्ला का स्थानांतरण पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दमोह में हो गया है, जहां वे अपने मूल पद प्रभारी प्राचार्य के रूप में लौटे हैं। उन्हें लगभग 9 माह पूर्व दमोह से अमरकंटक भेजा गया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विद्यालय में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करते हुए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास किया। उनके नेतृत्व में विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की गईं। नव नियुक्त प्राचार्य श्रीमती अर्चना सिंह पायक इससे पूर्व दतिया में वरिष्ठ उच्चतर माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं। विभागीय परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उपरांत उनका स्थानांतरण पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में प्राचार्य पद पर हुआ है। पदभार ग्रहण के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक डी.एस. सेंगर, रमेश सिंह, एम.एल. कोरी, श्रीमती मनोरमा कौशल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### अनूपपुर जिले में गेहूँ उपार्जन 15 अप्रैल से प्रारंभ, 6 केंद्र निर्धारित

**अनूपपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में गेहूँ उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ क्रय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 6 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। दुलहरा समिति के लिए मां शारदा वेयरहाउस, 2 बरबसपुर, पटनाकला समिति के लिए कृषि उपज मंडी अनूपपुर, मझगवां (फुनगा) समिति के लिए शारदा फूड प्रोसेसिंग गोदाम पयारी, धनगवां समिति के लिए सिंह वेयरहाउस छातापटपर, बिजुरी समिति के लिए बतूल वेयरहाउस कोतमा तथा राजेंद्रग्राम समिति के लिए गोदाम राजेंद्रग्राम को उपार्जन केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है। संबंधित केंद्र प्रबंधकों को किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### सिर पर मंदिर रखकर नर्मदा परिक्रमा कर रहे महाराष्ट्र के प्रीतपाल

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल अमरकंटक में एक अनोखी और प्रेरणादायक नर्मदा परिक्रमा यात्रा देखने को मिल रही है। महाराष्ट्र के पुणे निवासी प्रीतपाल (उम्र लगभग 40 वर्ष) मां नर्मदा की भक्ति में लीन होकर अपने सिर पर काष्ठ से निर्मित मंदिर रखकर पैदल परिक्रमा कर रहे हैं। इस विशेष मंदिर में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश के साथ मां नर्मदा की प्रतिमा विराजित है। प्रीतपाल अपने दैनिक उपयोग की सामग्री पीठ पर बैग में रखकर कठिन तपस्या और हठयोग के साथ यात्रा कर रहे हैं।

# मौत की गहरी खुदाई होटल बनी कब्र, तीन की मौत तीन घायल


हरिभूमि
मलबे में दबकर 2 की मौत, 3 लोग गंभीर
कई मलबे में दबे, रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन







### मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान, लॉज मालिक भूमि स्वामी पर केस दर्ज
### अपर मुख्य सचिव और डीआईजी भोपाल में जाना घायलों का हाल-चाल
### 20 घंटे लगातार मंत्री, कलेक्टर, एसपी करते रहे निगरानी
### एनडीआरफ, अदानी पावर प्लांट, जीएमएस, एसईसीएल की टीम रही सक्रिय

मनोज शुक्ला/अखिलेश नामदेव अनूपपुर/कोतमा।

जिले के कोतमा नगर में शनिवार शाम लगभग 6 बजे अग्रवाल लॉज के समीप निर्माण कार्य के दौरान 15 फीट गहरी नींव की खुदाई के चलते तीन मंजिला भवन अचानक ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। मलबे में दबे दो शव शनिवार रात में ही निकाल लिए गए थे, जबकि तीसरे मृतक का शव रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे बाहर निकाला गया। घटना के बाद से पुलिस और प्रशासन की टीम लगातार 21 घंटे से अधिक समय से राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है।

#### एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात

रेस्क्यू कार्य में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीमें बनारस और भिलाई से बुलाई गई हैं। बनारस से 41 और भिलाई से 36 सदस्यीय टीम डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची है। इसके अलावा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), एसईसीएल और अदानी कंपनी की रेस्क्यू टीमें भी मलबा हटाने में सहयोग कर रही हैं।

#### मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी डटे रहे मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल रातभर मौके पर मौजूद रहे। वहीं प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार भी देर रात पहुंचकर रेस्क्यू कार्य की निगरानी करते रहे। कमिश्नर सुरभि गुप्ता, आईजी चैत्रा एन, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी लगातार घटनास्थल पर डटे हुए हैं।

#### घायलों का उपचार जारी

हादसे में घायल रामकिशोर (50), जयप्रकाश (50) और तुलसी भैंना (40) को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से दो घायलों को गंभीर हालत में शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि एक का उपचार कोतमा में जारी है। मृतकों की पहचान हनुमान दिन यादव (55), रामकृपाल यादव (50) और राधाबाई कोल (42) के रूप में हुई है।

#### सहायता राशि और जांच के निर्देश

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 9 लाख रुपये और घायलों को 2.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि रेस्क्यू कार्य पूर्ण होने के बाद घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### स्थानीय लोगों ने निभाई जिम्मेदारी

हादसे के बाद जहां प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से जुटा रहा, वहीं स्थानीय नागरिकों ने भी रातभर मौके पर रहकर राहत कार्य में सहयोग दिया और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया।

#### मलवा पूरी तरह से साफ हो चुका है, रेस्क्यू कार्य पूर्णता की ओर।

राकेश गर्ग हुए गंभीर रूप से घायल, कंधे मे हुआ फैक्चर

जिस समय अग्रवाल लॉज धाराशाई हुई राकेश गर्ग जी अपनी दुकान मे ग्राहकों को सामान उपलब्ध करा रहे थे, तभी अचानक बिल्डिंग किराना दुकान की छत पर गिरी और राकेश गर्ग अलमारी और दीवार के बीच फस गए जिन्हे स्थानीय लोगों की मदद से निकाला गया।

#### राज्य सरकार प्रभावित परिजन के साथ है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कोतमा, अनूपपुर में हुए दुखद हादसे में काल-कवलित नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4-4 लाख, संबल योजना के अंतर्गत 4-4 लाख और रेडक्रॉस से 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2-2 लाख रुपये और रेडक्रॉस से 50-50 हजार रुपये राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगतों की आत्मा को शांति और परिजन को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिजन के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनूपपुर जिले के कोतमा क्षेत्र में एक लॉज भवन ध्वस्त होने की दुखद घटना के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया था कि राहत एवं बचाव कार्यों में कोई कमी न रहे तथा प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए। उल्लेखनीय है कि इस दुखद घटना में 3 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए थे। घायलों में से गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में जारी है। शनिवार शाम से प्रारंभ हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन आज रविवार दोपहर तक जारी रहा। रेस्क्यू कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, प्रशासन तथा एसईसीएल की टीमों ने आधुनिक मशीनों एवं डॉग स्क्वॉड की मदद से मलबे के एक-एक हिस्से की गहन तलाशी ली। रेस्क्यू टीम ने मलबे से 3 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जबकि 3 अन्य व्यक्तियों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान हनुमान दीन यादव, रामकृपाल यादव और एक अन्य स्थानीय निवासी के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल पूरी रात घटनास्थल पर उपस्थित रहकर राहत एवं बचाव कार्यों का नेतृत्व करते रहे। प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने बताया कि इस गंभीर हादसे की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसईसीएल की टीमों, पुलिस बल एवं सहयोग करने वाले स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।





## अनूपपुर में बन रहे फ्लाईओवर ब्रिज को नहीं मिल पा रही गति
# रेलवे, सेतु निगम, विद्युत विभाग सभी पड़े सुस्त







हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर शहर में लगभग 8-9 वर्षों से निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज का कार्य लगता है गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों ने प्रभारी मंत्रियों ने कई बार भूमि पूजन कर कार्य को आगे बढ़ाया। जिला प्रशासन की ओर से कई कलेक्टरों ने कई बार निरीक्षण कर कार्य को आगे बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए। लेकिन जिस तरीके से कार्य चल रहा है उसे देखते हुए लगता है चुनावी मझधार में फ्लाईओवर ब्रिज अपनी प्रमुख भूमिका निभाने का कार्य करेगा। सत्ता के दबाव में कार्य की गति को अंजाम नहीं दिया जा रहा। जिसका परिणाम आम पब्लिक की निगाह में अब झलकने लगा है। फ्लाईओवर ब्रिज के चलते एक ओर का मार्केट पूरी तरह से सिमट गया वहीं दूसरी ओर का मार्केट नए रूप में फैल कर तैयार हो गया। बड़ी मशक्कत के बाद रेलवे द्वारा किसी तरह ब्रिज के गर्डर डालने का कार्य तो कर दिया। लेकिन उसके बाद रेलवे ने लोहे के सपोर्टिंग पिलर को हटाने का कार्य अभी तक नहीं किया। जिससे सभी वहीं पर पड़े हुए हैं। जिससे आने-जाने में हर किसी को व्यवधान हो रहा है। जबकि रेलवे को सभी सपोर्टिंग पिलर को वहां से तत्काल हटाकर रास्ते को क्लियर कर देना चाहिए था। लेकिन रास्ता क्लियर नहीं होने से ठेकेदार को बहाने बाजी मिल गई और कार्य ढीला पड़ गया। अगर जिला प्रशासन गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो 2027 लास्ट तक फ्लाईओवर ब्रिज का कार्य हो जाए तो बहुत बड़ी बात होगी।

दो विभागों के चलते कार्यों में तमाम तरह के व्यवधान आ रहे हैं। एक और सेतु निगम लोक निर्माण विभाग एक और रेलवे का विभाग अपने-अपने कार्यों को अंजाम दे रहा है। अभी रेलवे का काफी कुछ कार्य बचा हुआ है, जिसे रेलवे को तत्काल पूरा करना चाहिए। अभी रेलवे के कई क्वार्टर टूटने हैं लेकिन बताते हैं कि यूनियन की आड़ में जाकर क्वार्टर को बचाने की कोशिश की जा रही है। जबकि पुल निर्माण होने के बाद अगल-बगल में सर्विस रोड बनना है, सीधी नाली बनना है, लेकिन नाली भी टेढ़ी-मेढ़ी बन रही है। क्वार्टर नहीं टूट पा रहे हैं। जिससे ठेकेदार सेतु निगम लोक निर्माण को भी परेशानी हो रही है।लेकिन रेलवे द्वारा क्वार्टर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा रही है।जिससे कार्य में व्यवधान आ रहा है। यही नहीं जिला प्रशासन को भी वन विभाग के बाउंड्री को निर्देश देकर तुड़वाना चाहिए वह भी अभी तक नहीं तोड़ी गई। यही नहीं विद्युत विभाग को वन मंडल के सामने से ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करना है उसे भी शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। जिससे फ्लाई ओवर ब्रिज का कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर को वन विभाग,विद्युत विभाग एवं रेलवे को सख्त निर्देश देने की जरूरत है और यह आवश्यक कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा कराना चाहिए। जिससे सेतु निगम लोक निर्माण विभाग अपने कार्य को गति दे सके।

यही नहीं फ्लाईओवर ब्रिज के दूसरे तरफ नगर पालिका के कार्य भी बचे हुए हैं एवं बिजली विभाग के कार्य भी बचे हुए हैं। पाइपलाइन को शिफ्टिंग नहीं किया गया है जिसके कारण भी कार्य डिस्टर्ब हो रहा है। वहीं बिजली के खंभे भी नहीं हटाए गए हैं इस और भी जिला कलेक्टर को संज्ञान लेना चाहिए और तुरंत ही नगर पालिका एवं विद्युत विभाग से कार्य पूरा कराना चाहिए। जिससे अनूपपुर नगर वासियों को फ्लाईओवर ब्रिज का लाभ मिल सके।अन्यथा 2027 के पहले फ्लाईओवर ब्रिज का कार्य पूरा होते नहीं दिख रहा। बताया गया कि फ्लाई ऐश और मिट्टी फिलिंग का कार्य भी ठेकेदार द्वारा धीमी गति से किया जा रहा है जिस कार्य की प्रगति नजर नहीं आ रही।

जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर को चाहिए कि स्वयं कार्यों का निरीक्षण करें और संबंधित विभाग को तत्काल रेलवे के मकान तोड़ने का कार्य, विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर के शिफ्टिंग का कार्य एवं विद्युत विभाग के विद्युत पोल का कार्य, नगर पालिका के पाइप लाइन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा कराना चाहिए। तभी कार्य को गति मिल सकती है। अन्यथा एक वर्ष अभी और अनूपपुर वासियों को फ्लाईओवर ब्रिज के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

## रेलवे कांग्रेस अनूपपुर शाखा बैठक की बैठक में पुरानी पेंशन की मांग



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर में 04 अप्रैल को सप्ताहिक बैठक में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने अपील की आगामी 09 अप्रैल को एन एफ आई आर एवं साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के ओल्ड पेंशन स्कीम वापस करो व अन्य मुद्दों को लेकर बिलासपुर में महारैली कर रही है इस रैली व राष्ट्रीय अधिवेशन में अनूपपुर शाखा सहित सीआईसी शाखा से ज्यादा से ज्यादा संख्या में रेल कर्मचारियों को शामिल होने की अपील की गई। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता ने बताया की आगामी 09 से 11 अप्रैल तक एनएफआईआर व मजदूर कांग्रेस बिलासपुर की वर्किंग कमिटी मीटिंग होगी इस बैठक का नेतृत्व एनएफआई आर नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री डाक्टर एम राघवैया करेंगे, रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन पर जोनल कार्यकारी अध्यक्ष, सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव ने अनूपपुर शाखा की बैठक लेकर मार्गदर्शन व निर्देशक प्रदान किया 09 अप्रैल की महारैली में सबसे बड़ा मुद्दा ओल्ड पेंशन स्कीम वापस करो का रहेगा। बैठक में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के रेलवे युथ विंग युवा नेता भाई अज़हर नामाज खान का जन्मदिन केक काटकर व मीठी सेवई खिलाकर मनाया गया, बैठक में भारी संख्या में रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रहे शाखा उपाध्यक्ष रामदास राठौर, विवेक कुमार राय, सदाशिव पाण्डेय, कमलेश राठौर जैतहरी, एस के कोरी, रामबली, महिला रेलवे कांग्रेस नेत्री मोमिता मजूमदार, युथ विंग से किशन द्विवेदी, रविकांत राय, मुकेश यदुवंशी, कार्यालय प्रभारी सुर्याराव राव आदि उपस्थित रहे।

# 8 अप्रैल को टेट परीक्षा के विरोध में होगा धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में कार्यरत लाखों शिक्षकों की योग्यता पर सवाल उठाते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा लिए जाने के निर्णय का विरोध जोरों पर है, इसके लिए मध्य प्रदेश के समस्त शैक्षिक संगठन एक जुट होकर अध्यापक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा का निर्माण किया है। प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर 8 अप्रेल को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन और ज्ञापन दिया जाना है इसके साथ 11 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर और 18 अप्रेल को भोपाल में प्रदर्शन और ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत अनुपपुर में भी समस्त शैक्षिक संघटन के प्रमुख और सक्रिय सदस्य शिक्षक की बैठक 4 अप्रेल को शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सभी संगठन के अध्यक्ष या प्रमुख का एक कोर कमेटी बनाया गया। जिसमें मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार निगम, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा, शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विश्वास राज शुक्ला, राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामानुज पांडे, टीडब्लूटीए के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जेजे तिवारी, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी तिवारी कोर कमेटी में शामिल किए गए। कमेटी के सदस्यों द्वारा मिलकर संतोष कुमार मिश्रा को कोर कमेटी का जिला संयोजक और अद्यापक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा जिला अनूपपुर का जिला अध्यक्ष चयन किया गया। आगे समस्त निर्णय और कार्य योजना श्री मिश्रा के नेतृत्व में कोर कमेटी करेगी। उपस्थित सदस्यों में यह भी कहा कि अभी जो भी शिक्षक हित में कार्य करने वाले शैक्षिक संगठन है उनके जिला अध्यक्षों से संपर्क करके उन्हें भी सम्मिलित किया जाएगा, साथ ही लिपिकीय कार्य और अंशदान के रखरखाव हेतु रामकुमार राठौर संभागीय कोषाध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ को संयुक्त मोर्चा के जिला सचिव के रूप में नामांकित किया गया।

आगामी 8 अप्रैल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संगठन प्रमुखों ने तत्काल 1000 रूपये का अंशदान प्रदान कर कार्यक्रम में आवश्यक व्यवस्था जैसे टेंट,पानी, साउंड सिस्टम की बात रखी गईं। उपस्थित सदस्यों ने यह भी आशंका जताया की जनगणना 2027 के लिए संलग्न किए गए प्रगणक शिक्षकों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल से संभावित है, इसकी तिथि परिवर्तन हेतु संयुक्त मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारी कलेक्टर से मिलकर तिथि परिवर्तन के लिए अपील करेंगे। जिला स्तर पर होने वाली धरना प्रदर्शन की रूपरेखा इस प्रकार है 8 अप्रेल को दोपहर 12:00 बजे सभी ब्लॉक से शिक्षक गण शिव मारुति मंदिर सामतपुर तालाब के परिसर में उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे तथा अपराहन 4:00 बजे जुलूस के रूप में संयुक्त कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर जाकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम कलेक्टर को टेट परीक्षा के विरोध में तथा सर्वोच्च न्यायालय में निर्णय पर पुनर्याचिका लगाने के साथ समस्त नवीन संपर्क के शिक्षक साथियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने की अपील किया जाएगा। आज की बैठक में प्रमुख रूप से डॉ कौशलेन्द्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार निगम, संतोष कुमार मिश्रा, श्रीनिवास तिवारी, अमित प्रताप सिंह, विश्वास राज शुक्ला, रामकुमार राठौर, शील वंत प्रसाद तिवारी, रामानुज पांडेय, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, सुधीर पाण्डेय, सूर्यकांत मिश्रा, बृजेश नाथ मिश्रा, संजय कुमार शुक्ला, दशारत बुनकर, गंगादीन राठौर, राजेंद्र केवट, ऐन उल हक खान, अमिता मरकाम, संध्या पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**
E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in
क्र./33/न.परि./ई. टेन्ड/लोक.नि./2026 **ई- निविदा आमंत्रण सूचना** जैतहरी दिनांक 02/04/26

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्रं. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2026_UAD_493660_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works Project of Jaitehri town under SBM 2.0 | 3,46,65,000/- | 1,73,325/- | 15000/- | 12 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कय करनें का दिनांक 02/04/2026 समय शाम 16:00 बजे से 02/05/2026 समय शाम 17:30 तक कय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संषोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाषन नही किया जावेगा निविदा के संषोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)